परम रम्य गिरिबरु कैलासू। सदा जहां सिव उमा निवासू।
चित्रकूट गिरि करहु निवासू। तहँ तुम्हार सब भाँति सुपासू।
| Ram Katha 938 - मानस सप्त शिखर || Shri Sammed Shikharji, Jharkhnad || ✲मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 336 | इंदौर, मंगलवार 18 जून, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. हाय रे गर्मी: पहाड़ से मैदान तक बरस रही आग, कल आंधी बारिश से राहत के आसार; यूपी में 170 लोगों की गई जान

2. Delhi Water Crisis: यमुना में पानी की बेहद कमी, वजीराबाद बैराज में जलस्तर 6.20 फीट गिरा; भाजपा पर बरसे आप नेता



साल के अंत तक पूरा हो सकता है ...

# मेट्रो का सपना

## हाई स्पीड वाली मेट्रो रेल का तेज गति से चल रहा काम

## दिसम्बर तक इंदौर में कामर्शियल रन हो जाएगा शुरू

@ DGR विशेष

**इंदौर**। इन दिनों शहर में तेज गति से मेट्रो रेल का काम चल रहा है। अधिकारियों की देखरेख में चल रहे इस कार्य को देखकर माना जा रहा है कि शहरवासियों को मेट्रो रेल के सफर का सपना इस साल के अंत में पूरा हो सकता है। जिस गति से काम चल रहा है उसको देखते हुए दिसम्बर तक इंदौर में मेट्रो का कामर्शियल रन शुरू हो जाएंगा। वैसे भी मेट्रो के अधिकारियों ने कामर्शियल रन शुरू करने की तिथि दिसम्बर माह रखी है। दरअसल जब से मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की शुरूआत हुई है, तभी से शहरवासियों को इसके शुरू होने और मेट्रो में सफर करने का इंतजार है। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्टर को लेकर प्रदेश सरकार भी गंभीर है और सभी अधिकारी इस प्रयास में हैं कि तय समय पर प्रोजेक्ट को पूरा कर मां अहिल्या की नगरी के रहवासियों को एक बड़ी सौगात दे दी जाए, जिससे वे मेट्रो में आसानी से सफर कर सकें। इसके चलते अधिकारी और कर्मचारी दिन रात काम में जुटे हैं।

### यहां है बड़ी चुनौती

मेट्रो का सबसे डिफिकल्ट पार्ट हाईकोर्ट से राजवाड़ा होते हुए एयरपोर्ट तक 8 किलोमीटर का अंडर ग्राउंड मेट्रो ट्रेक तैयार करना है। अंडर ग्राउंड मेट्रो के लिए एमजी रोड का जो मार्ग चुना गया है वह शहर के सबसे व्यस्त और घनि आबादी वाला हिस्सा है। मेट्रो कम्पनी के लिए यह सबसे बड़ी चुनौती है।

### इतने में तैयार होगा अंडर ग्राउंड टेक

मेट्रो कम्पनी अंडर ग्राउंड प्रोजेक्ट पर काम शुरू करने के लिए जल्द ही टैंडर प्रक्रिया शुरू करने वाली है। इसको लेकर पिछले दिनों कम्पनी की प्री बिट मिटिंग भी हो चुकी है। लगभग 25 सौ करोड़ रुपए की लागत से 8 किलोमीटर का यह अंडर ग्राउंड टेक तैयार होगा जिसमें 6 स्टेशन रहेंगे।

### रात में चलाने का अभ्यास

स्टेशन के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। एक अन्य जानकारी के मुताबिक इंदौर में मेट्रो रेल के पांच सेट आ चुके है और अब जल्द ही मेट्रो को रात में चलाने का अभ्यास होगा। हालांकि भोपाल में रात में मेट्रो चलाने का ट्रायल शुरू हो चुका है।

### यहां पर चल रहा वर्तमान में काम

मेट्रो कंपनी के अनुसार वर्तमान में वर्तमान में गांधी नगर से रोबोट चौराहे तक एलिवेटेड कॉरिडोर का काम चल रहा है। इसके साथ साथ रोबोट चौराहा से हाईकोर्ट चौराहे तक 6 किलोमीटर का मेट्रो एलिवेटेड ट्रेक का निर्माण जल्द ही शुरू होने वाला है। इसके लिए मेट्रो कम्पनी ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इंदौर मेट्रो रेल परियोजना के लिए एलिवेटेड वायाडक्ट, पांच एलिवेटेड मेट्रो रेल स्टेशनों के आंशिक डिजाइन और निर्माण के लिए आरवीएनएल ( रेल विकास निगम लिमिटेड ) और यूआरसी चेन्नई को संयुक्त रूप (ज्वाइंट वेंचर)ठेका मिला है। टैंडर में दोनों कम्पनियों ने सबसे कम बोली लगाई है। बताया गया है की 545 करोड़ रुपए की लागत से आरवीएनएल और यूआरसी चेन्नई कम्पनी मिलकर एलिवेटेड ट्रेक और पांच मेट्रो स्टेशन का निर्माण करेगी।

### यहां बनेगे मेट्रो के स्टेशन

- रोबोट चौराहा- खजराना- बंगाली चौराहा - कनाड़िया रोड - पलासिया होते हुए - हाईकोर्ट

### कंपनी कर रही प्लानिंग

शहर के मध्यक्षेत्र एमजी रोड पर मेट्रो का काम शुरू करने की कवायद शुरू हो चुकी है। हाईकोर्ट से लेकर रीगल तथा राजवाड़ा होते हुए एयरपोर्ट तक फिजिबिलिटी सर्वे पूरा हो चुका है। अब कम्पनी ने टैंडर प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पिछले दिनों ही प्री बिट मिटिंग भी हो चुकी है। सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है की शहर की सबसे घनी आबादी वाले एमजी रोड पर मेट्रो का काम कैसे शुरू होगा और कितनी परेशानियां शहरवासियों को झेलना पड़ेगी। इसको लेकर अभी कोई कम्पनी की तरफ से प्लानिंग की जा रही है।

### अत्याधुनिक मशीनों का होगा उपयोग

अंडर ग्राउंड मेट्रो के लिए जो रुट आ रहे है उनमें हाईकोर्ट से रीगल, राजवाड़ा, गोराकुंड, टोरीकॉनर्र, महल्हारगंज, बड़ागणपति होते हुए एयरपोर्ट शामिल है। इस पूरे ट्रेक को तैयार करने के लिए 2550 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। अंडर ग्राउंड खुदाई के लिए अत्याधुनिक ट्विन टनल मशीन का उपयोग किया जाएगा।

# अमरनाथ यात्रियों को परोसे जाएंगे मालवी व्यंजन, इंदौर-महू स्पेशल पोहा

## 22 जून से रक्षाबंधन तक बालटाल में चलेगा भंडारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आगामी 29 जुन से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा पर संस्था अपना 19 वां विशाल भंडारा बालटाल काशमीर दोमेल मेट पर 22 जून से रक्षाबंधन तक लगाने जा रही है, बालटाल दोमेल मेट भंडारे स्थाल पर संस्था के प्रधान हरपाल ओबेरॉय के मार्ग दर्शन मे शेड निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चला रहा है।**

19 तारीख को वीरेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में राशन सामग्री के ट्रक युमना नगर हरियाणा से रवाना की जाएगी, इसके लिए संस्था की स्थानीय शाखाओ ने राशन सामग्री भेजा दी है। अमरनाथ यात्रियों को इस बार भंडारे में इन्दौर महू के प्रसिद्ध स्वालपहार पोहे,उसल पोहे,जलेबी कचोरी समोसे आलू बड़ा, बेड बड़ा, तो फलिहार मे साबूदाना खिचड़ी, महू का प्रसिद्ध फरियाली नमकीन, आम पाक,आमखण्ड, रबड़ी कलाकंद तो गुजराती खमण ढोकला इडली सांभर जैसे अनेकों व्यंजनों का स्वाद भी मिलेगा ,महू विकासखंड से भंडारे पर व्यंजन निर्माण के लिए हलवाईयों की एक टीम भी 23 तारीख को मंडल के पहले जत्थे के साथ रवाना होगी।

### पहला जत्था 23 को होगा रवाना

मंडल का पहला जत्था 23 जुलाई को मालवा एक्सप्रेस इन्दौर से जगदीश डोडिया, गणैश जवादे पूनमचंद माली, रोहन वर्मा, शौयाना अग्रवाल के मार्ग दर्शन मे रवाना होगा, संस्था का दूसरा जत्था 27 जुलाई को प्रकाश खणेडलवाल, विक्रम दुबे, नीलू खणेडलवाल, राम मोदी के मार्ग दर्शन मे इन्दौर एयरपोर्ट से रवाना होगा

### 3 माह से तैयारी में लगे

संस्था के समर्पित सेवादार जो पिछले 3 महीने से यात्रा की तैयारियांओ में लगें है उनमें प्रकाश खण्डेलवाल, सोनू अग्रवाल गुलाब सिंग करणावात पान, जगदीश डोडिया, गणेश जावदे, रोहन वर्मा, राहुल श्रोतिया, राजु खण्डेलवाल, नीरज अग्रवाल, एंड विक्रम दुबे, गोविंद जोशी, मुकेश वर्मा, गिरिश अग्रवाल आदि शामिल हैं।

# वीर बगीची में होगा अद्भूत आयोजन

❒ बद्रीविशाल व अलीजा सरकार एक साथ करेंगे नौका विहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर । कैलाश मार्ग स्थित वीर बगीची में मंगलवार को एक अनूठा आयोजन भक्तों को देखने को मिलेगा। जहां एक ही कुंड में बद्रीविशाल व अलीजा सरकार नौका विहार कर भक्तों को दर्शन देंगे। नौका विहार के लिए मंदिर परिसर में ही अस्थाई कुंड भी बनाया जाएगा। वहीं मथुरा से लाए गए मोगरों के फूलों से फूल बंगला सजेगा एवं गर्भगृह में शीतलता के लिए फव्वारे भी लगाए जाएंगे। सुबह अभिषेक पूजन के साथ ही शाम को नौका विहार का मनोहारी उत्सव मनाया जाएगा।

गादीपति ब्रह्मचारी पवनानंद महाराज ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वीर बगीची में नौका विहार मंगलवार 18 जून को सांय 7 बजे से मनाया जाएगा। सुबह के सत्र में बद्रीविशाल व अलीजा सरकार का अभिषेक पूजन कर श्रृंगार किया जाएगा। वहीं शाम को 7 बजे पुरोहितों, वेदपाठी बटुकों व भक्तों की मौजूदगी में भगवान नौका विहार कर सभी को दर्शन देंगे। इस दौरान अलीजा सरकार को राधा-रमण (औलाई) स्वरूप में श्रृंगारित किया जाएगा। जिसमें लंगोट व मोगरे के आभूषणों में अलीजा सरकार भक्तों को दर्शन देंगे। बद्रीविशाल धाम मंदिर को भी फूलों से सजाया जाएगा।

# सड़क किनारे कैनोपी लगाकर प्लाट का विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिले में सड़क किनारे कैनोपी लगाकर अवैध रूप से प्लाट विक्रय करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में अनुविभागीय अधिकारी महू श्री चरनजीत सिंह हुड्डा के नेतृत्व में जिला प्रशासन के अमले द्वारा खंडवा रोड़ पर कार्रवाई की गई। श्री हुड्डा ने बताया कि इंदौर-खंडवा रोड पर दातोदा के समीप लेक वैली कॉलोनी के प्लाट सड़क के किनारे कैनोपी लगाकर विक्रय कर रहे व्यक्ति राजवेद और महेश आंजना से उनका रेरा एजेंट के रूप में रजिस्ट्रेशन मांगा गया। उनके द्वारा रजिस्ट्रेशन न होना बतलाया गया । कॉलोनी से संबंधित दस्तावेज भी मौके पर उपलब्ध न कराने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई।

# नेहरू स्टेडियम में हजारों युवा एक साथ करेंगे योग प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। 10 वें विश्व योग दिवस के मौके पर 21 जून ,शुक्रवार को सुबह 6 से 8बजे नेहरू स्टेडियम में नेशनल कैडेट कोर और निशा जोशी योग अकादमी के सयुक्त तत्वाधान मे एक भव्य आयोजन किया जा रहा है।जिसमे हजारो युवा एक साथ योगऔर आसनों का प्रदर्शन करेंगे। इस बार का विषय है युवाओं का साथ योग के साथ। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम सयोजक ब्रिगेडियर सौरभ जैन ने बताया कि इस आयोजन में विभिन्न शहरों के करीब 5 हजार युवा भाग लेंगे और सभी एक साथ योग करेंगे ।साथ मे सांस्कृतिक प्रस्तुति भी देंगे। कार्यक्रम के सारस्वत अतिथि होंगे डॉ.भारत रावत, डॉ.बाबूलाल पाटीदार और समाज सेविका श्रीमती इंदिरा पाटीदार।

# श्री क्षत्रिय धनगर सेवा संघ इंदूर ने रेशीम गाठी का गठन किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर । श्री क्षत्रिय धनगर सेवा संघ इंदूर ने रेशीम गाठी (श्री क्षत्रिय धनगर वधु-वर परिचय मंडल) का गठन किया है अतिथि नरेंद्र फण्से ने उषा नगर स्थित महाराजा यशवंतराव स्कूल में आयोजित रेशीम गाठी (संस्था)श्री क्षत्रिय धनगर सेवा संघ इंदूर अध्यक्ष हरिश बारगल एवं रेशीम गाठी के संयोजक प्रकाश सरोदे ने कहा कि रेशीम गाठी (संस्था) संस्था के गठन के साथ ही अलका होलकर को संस्था का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। संयोजक प्रकाश सरोदे ने रेशीम गाठी (संस्था) की संपूर्ण जानकारी देते हुए आगामी योजनाएं भी सभी के समक्ष रखी। कार्यक्रम का संचालन तरूणा होलकर ने किया एवं आभार दीपक वालेकर (सोनू) ने माना।

# इंदौर जिले में पीएम किसान उत्सव दिवस आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में 18 जून को पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया जायेगा। इस दिन प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त का वितरण किया जाएगा। सम्मान निधि की राशि किसानों के खाते में सीधे अंतरित होगी। इस अवसर पर 18 जून को शाम 4.30 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष 210 में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इंदौर जिले में 17वीं किस्त के रूप में 86 हजार 749 किसानों को 17 करोड़ 34 लाख 98 हजार रुपए की राशि प्राप्त होगी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत वर्ष में किसानों को तीन समान किस्तों के माध्यम से 6 हजार रुपए की सम्मान निधि दी जाती है। इस उत्सव के अंतर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से किसानों को सम्बोधित करेंगे। इंदौर जिले में जगह-जगह इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा।

# प्रभु की शरण, गुरु के चरण और धर्म का स्मरण जरूरी : आचार्यजी

❒ यशवंत निवास रोड़ स्थित राणीसती मंदिर में श्रावक-श्राविकाओं ने लिया प्रवचनों का लाभ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। जीवन में कुछ समय बीतने पर हम मकान बदल लेते हैं , कार बदल लेते हैं, मोबाइल बदल लेते है यहाँ तक की कपड़े भी हम रोज ही बदलते हैं क्या कभी हमने बार बार जन्मने और मरने कि पुनरावृत्ति में परिवर्तन लाने के बारे में विचार किया। यह यात्रा हमारी निरंतर चल रही है। जीवन और मरण की इस पुनरावृत्ति में परिवर्तन लाना है तो हमें तीन बात जीवन में नहीं छोड़नी चाहिए एक प्रभु की शरण, दूसरा गुरु के चरण और तीसरा धर्म का स्मरण।**

ये बातें हमारे जीवन में आ गई तो हमारे जीवन और मरण कि पुनरावृत्ति खत्म होगी और परिवर्तन होगा। उक्त विचार यशवंत निवास रोड़ स्थित राणी सती मंदिर में आचार्यश्री विजय कुलबोधि सूरीश्वरजी मसा ने सभी जैन धर्मावलंबियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने आगे अपने प्रवचनों में कहा कि सुख व दुःख देने की ताकत एकमात्र परमात्मा में है यदि इस संसार सागर से तिरना है तो परमात्मा कि शरण का सहारा लेना होगा। देव तत्व, गुरु तत्व और धर्म तत्व में से श्रेष्ठ गुरु तत्व होता है। गुरु कृपा से ही प्रभु मिलते हैं। हमारे जीवन में अगर धर्म है तो हमारा कल्याण होगा। हमारी जीवन रूपी घड़ी में घंटे का कांटा हम हैं, मिनट का कांटा गुरु और सेकंड का कांटा प्रभु हैं। श्री नीलवर्णा पाश्र्वनाथ मूर्तिपूजक ट्रस्ट एवं चातुर्मास समिति संयोजक कल्पक गांधी एवं अध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि आचार्यश्री विजय कुलबोधि सूरीश्वरजी मसा मंगलवार 18 जून को यशवंत निवास रोड़ स्थित राणीसती मंदिर में सुबह 9.15 से 10.15 बजे तक प्रवचनों की अमृत वर्षा करेंगे।

### फांसी लगाकर जान दी

इंदौर। किशनगंज थाना क्षेत्र की शिव विहार कालोनी वेटरनरी काले के सामने रहने वाले विशाल उम्र 24 साल ने सोमवार दोपहर अपने घर में फांसी लगा ली, परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी हैं आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है।

# सिंधु सम्राट राजा दाहिर सेन स्मृति दिवस पर हुआ मंथन सेमिनार का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सिंधी भाषा के प्रचार प्रसार के साथ साथ सिंधी भाषा और सिंधी संस्कृति से समाजजनो को जोड़े रखने एवं आज की डिजिटल दुनिया मे समाज के युवाओं को अपनी भाषा और संस्कृति से जोड़े रखने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद पूरे देश मे आयोजन करती है।**

उसी कड़ी में सिंध के अंतिम सम्राट बलिदानी सिंधुपति राजा दाहिरसेन के बलिदान दिवस पर इंदौर शहर में रविवार को खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में ऑडोटोरिम में व्याख्यान, साथ सिंधी लोक गीत / लाडो पर नृत्य के साथ साथ हुआ भव्य सिंधी नाटक का मंचन आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के सदस्य एवं कार्यक्रम संयोजक मनीष देवनानी एवं आयोजन के प्रचार प्रसार प्रमुख नरेश फुँदवानी ने बताया कि राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, इनोवेटिव सोसायटी फॉर पीपल्स अवेयरनेस एवं केयर एंड एजुकेशन समिति इंदौर के सयुक्त तत्वावधान में आयोजित सिंधु सम्राट महाराजा दाहिर सेन की स्मृति दिवस आयोजन में सम्मलित होने के लिए मुख्य रूप से राजस्थान के विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी (अजमेर), राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के उपाध्यक्ष श्री मोहन मंगनानी, परिषद के निदेशक श्री रवि टेकचंदानी विशेष रूप से इंदौर पधारे एवं देश मे सबसे वोटो से जीतकर कीर्तिमान बनाने वाले पूरे देश विदेश में सिंधी समाज के गौरव इंदौर शहर के सांसद श्री शंकर लालवानी के साथ मिलकर आयोजन में सम्मलित हुए ।

# नखेरी डेम परिक्षेत्र में तेंदुआ नजर आया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बड़गोंदा क्षेत्र में पर्यटक स्थल नखेरी डैम पर तेंदूए का मूवमेंट नजर आया है यहां मौजूद पर्यटकों ने अपने कैमरे में तेंदुए के मूवमेंट को कैद कर लिया। तेंदुआ जब पेड़ों के पीछे घूम रहा था तभी पर्यटक विकास चौधरी और उनके साथियों की नजर तेंदूए पर पड़ी तभी उन्होंने तेंदुए के मूवमेंट को अपने कैमरे में कैद कर लिया। गौरतलब हैं कि वीकेंड पर बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने पहुंचते हैं पर्यटक स्थल नखेरी डैम पर बड़ा तालाब भी बना है जिसे लोग यहां निहारने आते हैं। इसके साथ ही डैम के आसपास पूरा जंगल एरिया है संभवता तेंदुआ भटकते हुए डैम के पास पहुंचा होगा। अभी बारिश के मौसम में बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आएंगे, जिन्हें सावधान रहने की जरूरत है।

# मेट्रो की अंडर ग्राउंड लोकेशन पर विचार होगा : विजयवर्गीय

❐ वर्तमान में जो प्लान बना है उसमें जनप्रतिनिधि और जनता दोनों ही नाखुश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मेट्रो प्रोजेक्ट के पलासिया से एमजी रोड अंडरग्राउंड हिस्से को बनाने के पहले तीन बड़े सुझावों पर अध्ययन किया जाएगा। इसके लिए एक्सपर्ट्स की टीम सर्वे करेगी और फिजिबलिटी रिपोर्ट पेश करेगी। इसके अध्ययन के बाद ही इस पर फैसला होगा।**

यह बात मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कही। सोमवार को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में इसे लेकर बड़ी बैठक हुई। नई सरकार बनने के बाद पहली बार यह बड़ी बैठक थी। इसमें मेट्रो प्रोजेक्ट के अधिकारी, पुलिस, प्रशासन, निगम, आईडीए, एयरपोर्ट, पीडडब्ल्युडी, बीएसएफ, वन विभाग के अधिकारी, सारे जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि, प्रबुद्ध जन आदि शामिल हुए। खास मुद्दा मेट्रो के पलासिया से एमजी रोड के हिस्से का रहा। इसे लेकर पूर्व लोकसभा स्पीकर पूर्व में विरोध कर चुकी है। बैठक में वह भी उपस्थित थी। उन्होंने अपनी बात रखी। बैठक करीब दो घंटे चली। इसमें सारे जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों, बुद्धिजीवी नागरिकों ने सुझाव दिए।

बैठक के बाद मंत्री विजयवर्गीय ने मीडिया को बताया कि मेट्रो प्रोजेक्ट को लेकर जनता की कई शिकायतें आई थी। वर्तमान में जो प्लान बना है उसमें जनप्रतिनिधि और जनता दोनों ही नाखुश हैं। मेट्रो का पूरा प्लान बन चुका है और 30-40% काम हो चुका है। खास मामला एमजी रोड का है। इसके लिए तीन विकल्प आए हैं। पहला यह कि बंगाली चौराहा से मेट्रो का रुट अंडरग्राउंड किया जाए। अभी यह एबी रोड के पास से करने का प्लान है। दूसरा सुझाव बंगाली चौराहा के बदले एग्रीकल्चर कॉलेज से अंडर ग्राउण्ड करने का है। इस पर भी अध्ययन चल रहा है। तीसरा सुझाव एमजी रोड के बदले रेस कोर्स रोड का है। इन तीनों सुझावों पर टेक्निकल एक्सपर्ट्स से सर्वे कराया जाएगा। विजयवर्गीय ने कहा कि इसमें बहुत से निर्णय इंदौर और दिल्ली में हो चुके हैं। यह शहर के हित का विषय है। बैठक में ताई ने बहुत गंभीरता से इस विषय को रखा। उन्हीं की बात का समर्थन जनप्रतिनिधियों, विधायकों ने किया, मेयर ने और सामाजिक संगठनों ने किया। इसके लिए हमने फिजिबलिटी रिपोर्ट मंगवाई है इसके बाद निर्णय लिया जाएगा। कोई सा भी काम हो शहर के हित में होना चाहिए। कहीं पर भी शहर का अहित दिखता है तो शहर का नुकसान हो जाएगा।उन्होंने कहा कि सिंहस्थ में इंदौर से उज्जैन के लिए कनेक्टिविटी के लिए मेट्रो का सर्वे हुआ था। वह अभी विचाराधीन है। इसे लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सिंहस्थ की बैठक होने वाली है। सिंहस्थ में रेलवे इंदौर-उज्जैन के लिए ट्रेन चलाएगा।

# इंदौर में देवास महारानी के विवादित प्लाट पर प्रोजेक्ट खारिज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर**। देवास विधायक और स्वर्गीय महाराज तुकोजी राव पवार की पत्नी गायत्री राजे पवार और उनकी ननद शैलजा राजे पवार के बीच चल रहे प्रॉपर्टी विवाद में नया खुलासा हुआ है। पलासिया में प्लाट नंबर 2 (3289 वर्गमीटर) की कीमत 60 करोड़ से ज्यादा की है। इस पर अपोलो क्रिएशंस निर्मल और अनिल अग्रवाल का प्रोजेक्ट अपोलो देवास कोठी आ रहा है, उसे रेरा ने खारिज कर दिया है। जमीन के इस रिकार्ड और कोर्ट में चल रहे केस को देखते हुए रेरा ने अपोलो ग्रुप के प्रोजेक्ट को मंजूरी देने से मना करते हुए खारिज किया है।

शैलजा राजे ने इस मामले में अधिवक्ता मुदित माहेश्वरी के जरिए सार्वजनिक सूचना जारी की है। इसमें दोनों सौदों को लेकर जानकारी देते हुए इसे अवैध बताया है। उन्होंने कहा कि संपत्ति को लेकर जिला कोर्ट देवास में केस दर्ज है। वहीं एक याचिका हाईकोर्ट में भी दायर की गई है। यह याचिक मुख्य रूप से शैलजा राजे पवार ने मप्र शासन, टीएंडसीपी, गायत्री पवार, विक्रम पवार, कनिका राजे पवार, रीगल रायल स्केप्स के सभी कर्ताधर्ताओं के खिलाफ लगाई है। मामले में वकील मुदित माहेश्वरी ने बताया कि ऑर्डर अप्रैल महीने का है। रेरा ने परमिशन निरस्त की है। पवार परिवार की देशभर में फैली 1239 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्ति में हिस्सेदारी को लेकर विवाद चल रहा है। महाराज श्रीमंत कृष्णजी राव पावर के पुत्र तुकोजी राव और पुत्री शैलजा के साथ ही दो और बहन है। संपत्तियों को लेकर मुख्य दावा शैलजा ने लगाया हुआ है। तुकोजीराव के निधन के बाद गायत्री राजे और उनके पुत्र विक्रम इसकी देखभाल करते हैं। इस राजघराने की इंदौर, आलोट, जयपुर, पुणे सहित कई शहरों में जमीने हैं। ट्रस्ट के सदस्य और गायत्री राजे पवार के बेटे विक्रम पवार ने रजिस्ट्रार पब्लिक ट्रस्ट से जून 2021 में प्लाट को बेचने की मंजूरी ली और फिर जून 2022 में अपोलो क्रिएशंस ग्रुप के निर्मल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल और नकुल सिंघल के साथ सौदा कर लिया। इस सौदे के बाद अपोलो ग्रुप ने यहां पर अपोलो देवास कोठी का प्रोजेक्ट शुरू कर दिया।

## युवाओं को हथकरघा एवं हस्तशिल्प के कौशल विकास का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**इंदौर**। इंदौर में राज्य शासन के हथकरघा कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा युवाओं को हथकरघा एवं हस्तशिल्प के कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए इच्छुक युवा पोलोग्राउण्ड स्थित जिला हथकरघा कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र में संपर्क कर आवेदन दे सकते है। सहायक संचालक हथकरघा दिलीप कुमार ने बताया कि राज्य शासन द्वारा हथकरघा एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए बुनियादी प्रशिक्षण, कौशल प्रशिक्षण, औजार/उपकरण हेतु अनुदान/आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए कौशल एवं तकनीकी विकास योजना अंतर्गत जिले के ऐसे बुनकर/शिल्पी बुनकर/औद्योगिक समितियां, स्व- सहायता समूह, अशासकीय व्यक्ति, संस्थाएं/शासकीय संस्थाएं समूह, जो हथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र में विगत 03 वर्षों से उत्पादन एवं विपणन, व्यापार व्यवसाय कर रहे आवेदन कर सकती हैं। जिले में हथकरघा वस्त्र उत्पादन एवं हस्तशिल्प को बढ़ावा देने व नवीन बुनकर हस्त शिल्पियों को तैयार कर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इन्दौर जिले में योजनांतर्गत प्राप्त होने वाले बजट से पात्र व्यक्ति, समूह, संस्था से प्रस्ताव आमंत्रित हैं।

## संस्था - रक्तदान एक कोशिश के द्वारा करीब 82 जरूरतमंद बच्चों को कॉपियां वितरण की गईं



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गड़बड़ी पुलिया के पास की बस्ती मे बहुत सें बच्चे सरकारी स्कुल मे जाते है लेकिन शिक्षण सामग्री ना होने सें जाने मे असमर्थ हों जाते है इसलिए हमारी टीम ऐसी जगह पर जाकर बच्चों को शिक्षण सामग्री देती है जिससे बच्चे पढ़ लिखकर अपना भविष्य सुधार सके..!!**

हमें हमेशा अपने स्तर पर जरूरतमंदो की मदद करना चाहिए और कोशिश करना चाहिए की जरुरतमंद अपने पैरो पर खड़े होकर आत्मनिर्भर बनें...

जरुरतमंदों को रक्तदान, वस्त्रदान, अन्नदान, शिक्षण सामग्री दान, अंगदान - देहदान, अंत्येष्टि संस्कार, विकलांग जरुरतमंदों को मेडिकल उपकरण, कृत्रिम अंग, स्वास्थ्य शिविर, पर्यावरण, ब्यूटी पार्लर क्लास, रोजगार आदि सेवा कार्य जो आपके सहयोग से समय समय पर निरंतर चलते हैं।

इस सेवा कार्य मे संस्था के सदस्य मयूर नीम, रक्षा गंगराडे, सोनू मिथोरिया, पुनीत वाधवानी, दीपेश जैन, सविता इंगले, सुनीता जयपाल, रोहन पिपले, दुर्गेश मंसूरीया संस्था के अन्य सदस्य व अध्यक्ष मनीष शांति पिपले उपस्थित थे..!!

## बिना प्रोफाईल पंजीयन के छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा

### आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तारीख 30 जून

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं जनजातीय वर्ग के छात्रावास, आश्रमों का MP TAASC मॉडयूल के माध्यम से संचालन किया जा रहा है। शिक्षण सत्र 2024-2025 में जो छात्र/छात्राऐं छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, वे छात्रावास में प्रवेश के पूर्व अपना प्रोफाईल पंजीयन आवश्य कराये। छात्रावास में प्रवेश के लिए प्रोफाईल पंजीयन अनिवार्य है। बिना प्रोफाईल पंजीयन के छात्र/छात्राओं को छात्रावास में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून 2024 निर्धारित की गई है। जिला संयोजक ने जानकारी दी कि वेवसाईट WWW.Tribal.mp.gov.in MPTAAS पर जाकर नया हितग्राही प्रोफाईल पंजीकरण किया जा सकता है। छात्र/ छात्राऐं जिस छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते है, उस छात्रावास में जाकर निःशुल्क प्रवेश आवेदन फार्म प्राप्त करें एवं पूर्ण भरा हुआ आवेदन फार्म आवश्यक दस्तावेजों के साथ जैसे- जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी, समग्रआई.डी., आधार नं. प्रोफाईल पंजीयन, बैंक खाते की पासबुक, पिछली कक्षा की अंकसूची अन्य प्रवेश पाने वाले छात्रावास में अधीक्षक के पास जमा करा सकते है। छात्रावास/आश्रम में प्रवेश के लिए आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है।

# साइकिल से चलने वाला करोड़पति कैसे बना : कांग्रेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में सोमवार से कांग्रेस ने एक बार फिर भाजपा नेता और आयडलिक कॉलेज के संचालक अक्षय बम का पोस्टर लगा दिए हैं। पोस्टर में सवाल पूछा है कि साइकिल पर चलने वाला करोड़पति कैसे बना। कांग्रेसियों ने विरोध करते हुए सरकार से उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। बता दें कि बम के आयडलिक कॉलेज के स्टाफ का नाम डीएवीवी के एमबीए के पेपर लीक से जुड़ा है।**

शहर कांग्रेस द्वारा सोमवार सुबह विश्वविद्यालय पर हल्ला बोल पोल-खोलो अभियान की शुरुआत की गई।



कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया और अक्षय बम के पोस्टर लगाए। कांग्रेस शहरभर के कॉलेजों में ये अभियान चलाकर पेपर लिंक कांड पर अक्षय बम के कॉलेज पर कड़ी कार्रवाई न करने को लेकर विरोध करेगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीएवीवी परिसर के अलावा रीगल चौराहा, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, ई-रिक्शा, बसों पर यह पोस्टर लगाए हैं। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने आरोप लगाया कि शिक्षा को अवैध धंधा बनाने वाले शिक्षा माफिया के खिलाफ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय पर काली पट्टी बांधकर हल्ला बोल पोल खोलो अभियान चलाया गया। आयडलिक कॉलेज के संचालक अक्षय बम साइकिल से कुछ ही वर्षों में करोड़पति कैसे बने? 15 लाख की घड़ी पहनने के साथ बड़ी लग्जरी गाड़ियों में चलने लगा। बम लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी थे, ऐनवक्त पर नाम वापस ले लिया। इससे कांग्रेस चुनावी मैदान से ही बाहर हो गई थी। इसके चलते नोटा के पक्ष में वोट डलवाए गए। तभी से कांग्रेस बम पर हमलावर बनी हुई है। पहले भी वांटेड जैसे पोस्टर लगाए गए थे।

# मैहर में देवी मंदिर के पीछे मिले कंकालों की शिनाख्त

## आपस में मां-बेटे थे तीनों, पुलिस को अंधविश्वास में सुसाइड करने की भी आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना। जिले के मैहर में देवी मंदिर के पीछे जंगल में एक साथ मिले तीनों शव की शिनाख्त हो गई है। तीनों शव मां-बेटों के हैं। शवों की पहचान छोटकी साकेत (56) पति शेषमणि साकेत, राजकुमार साकेत और दीपक साकेत पिता शेषमणि साकेत के रूप में हुई है। जो सीधी जिले के रामगढ़ के रहने वाले थे। सीएसपी राजीव पाठक ने बताया कि तीनों खाने-कमाने के मकसद से अक्सर मैहर आते थे और कई-कई महीने तक यहां रहते थे। तीनों पूजा-पाठ भी बहुत करते थे।**



मृतक महिला छोटकी का पति शेषमणि अस्थमा का मरीज है, इसलिए वह अपने गांव रामगढ़ में ही रहता था। इस बार दोनों बेटे और मां 19 जनवरी को मैहर के लिए निकले थे और फिर लौट कर गांव नहीं गए। वे अक्सर ऐसा करते थे इसलिए घर वालों ने भी पुलिस में कोई गुमशुदगी ये सोचकर दर्ज नहीं कराई कि कुछ दिन बाद वे लौट आएंगे। हालांकि एक बार उन्हें तलाशने वे मैहर जरूर आए थे। लेकिन तब उनके नहीं मिलने को भी ज्यादा संजीदगी से नहीं लिया गया था।

### ऐसे हुई तीनों शवों की शिनाख्त

कंकाल में तब्दील हो चुके शवों की शिनाख्त में महिला के शव के पास मिला सीधी के एक ज्वेलर्स का नाम-पता लिखा पर्स जरिया बना। मैहर पुलिस को यह स्पष्ट हुआ कि मृतक सीधी जिले के रहने वाले हैं। बाद में मैहर देवी मंदिर के पास प्रसाद की दुकान चलाने वाले एक दुकानदार ने भी पुलिस को एक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया जो मृतकों की तलाश में आए उनके परिजन ने उसे दिया था। पुलिस ने इस नंबर पर सम्पर्क कर मृतकों की फोटो मंगाई तो उसमें तीनों उन्हीं कपड़ों में दिखे जिनमें उनके कंकाल मिले थे। परिजन ने मैहर पहुंचकर इसकी तस्दीक भी कर दी।

### मृतकों के शवों से कई अंग गायब भी थे

पुलिस के मुताबिक घर से निकलने के लगभग साढ़े 5 महीने बाद मिले कंकालों से शरीर के कई अंग भी गायब थे। शवों को रात में मॉर्चुरी में रखवा दिया गया था। उनका पोस्टमॉर्टम मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों की टीम से कराया जा रहा है।

### पुलिस को अंधविश्वास में जान देने का भी संदेह

मृतकों की शिनाख्त करने आई छोटकी की ननद कुसुमकली साकेत, भतीजे भोला साकेत और पुलिस के मुताबिक मां और दोनों बेटे अक्सर मैहर आ कर महीनों रुकते थे। वे पूजा-पाठ, भक्ति भी बहुत करते थे। ऐसे में यह अंदेशा भी जताया जा रहा है कि मृतकों ने कहीं किसी अंधविश्वास के फेर में पड़ कर तो अपनी जान नहीं दे दी? हालांकि अभी जांच जारी है और पुलिस भी स्पष्ट तौर पर किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। वह भी प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान कर तफ्तीश कर रही है।

## किसान ने राइफल से खुद को गोली मारी, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक किसान ने पारिवारिक विवाद के बाद लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। गोली की आवाज सुनते ही परिजन रूम में पहुंचे तो हर तरफ खून ही खून था। एम्बुलेंस की मदद से घायल को जेएएच के ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर ने नब्ज टटोलते ही उसे मृत घोषित कर दिया। घटना सोमवार सुबह की बहोड़ापुर क्षेत्र की सूर्य विहार कॉलोनी की है। पुलिस ने स्पॉट पर पहुंचकर सबसे पहले सीन ऑफ क्राइम बनाया और फोरेंसिक एक्सपर्ट ने जांच पड़ताल की है। पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचकर किसान का शव निगरानी में लेकर मॉर्चुरी में रखवा दिया है। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मृतक का मोबाइल जब्त किया है। पुलिस और फोरेंसिक एक्सपर्ट ने क्राइम ऑफ सीन बनाया है। माना जा रहा है कि किसान ने लाइसेंसी राइफल को ठुड्डी पर रखकर पैर के अंगूठे से ट्रिगर दबाया है, जिससे गोली चेहरे को चीरते हुए ऊपर फॉल सीलिंग में जा धंसी है। बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के सूर्य विहार कॉलोनी निवासी 42 वर्षीय बिजेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र रामस्वरूप राजपूत पेशे से किसान था।

## तेज रफ्तार ट्रक पलटा, बाल बाल बचे युवक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** जाको राखे साइयां मार सके ना कोई वाली कहावत छिंदवाड़ा के इमली खेड़ा चौक में देखने को मिला जहां एक तेज रफ्तार ट्रक अचानक एक दुकान के सामने पलट गया जहां पर बाइक के पास खड़े दो युवक बाल बाल बचे. दरअसल इमली खेड़ा चौक के पास अमला डिपो से बस लेकर जा रहा ट्रक मोड पर अचानक नियंत्रित होकर इस कदर पलटा की ट्रक में भरा बांस पूरी सड़क पर बिखर गए। जिसके कारण यहां पर ट्रैफिक जाम हो गया। गनीमत यह रहेगी जिस समय बस सड़क पर बिखरे उसे समय यहां पर पहले से मौजूद लोग ट्रक को पलटता देख भाग गए नहीं तो यहां पर बड़ा हादसा हो सकता था।

## गोवंश फेंके जाने के बाद जागनाथ मंदिर में महाआरती

### जावरा में हजारों हिंदू समाज के लोग पहुंचे, सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** जावरा में जागनाथ महादेव मंदिर पर गोवंश का सिर फेंके जाने का मामला शांत नहीं हुआ है। सोमवार दोपहर सर्वसमाज द्वारा महाआरती की गई। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिला व पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ी संख्या में बल तैनात रहा। महाआरती के बाद सभी लोग घंटाघर चौराहा पहुंचे। यहां आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सीएम डॉ. मोहन यादव के नाम जावरा एसडीएम राधा महंत को ज्ञापन सौंपा। मामले में विशेष टीम का गठन कर जांच की मांग की। इस दौरान कलेक्टर राजेश बाथम, एसपी राहुल कुमार लोढ़ा व अन्य अधिकारी भी जावरा में मौजूद रहे।

**बदमाशों ने फेंक दिया था गोवंश-** शुक्रवार रात जागनाथ महादेव मंदिर परिसर में गणेशजी की मूर्ति के सामने गाय के गोवंश का फेंकने के बाद तनाव फैल गया था। दिनभर जावरा बंद रहा। हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने सलमान (24), शाकिर (19) को गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तारी के कुछ देर बाद दोनों आरोपियों के घर भी तोड़ दिए गए। इसके बाद सिर काटकर देने वाले आरोपी नौशाद उर्फ हनुमान (40), शाहरुख (25) को भी पकड़ा गया पकड़ा। चारों आरोपियों के खिलाफ रासुका (एनएसए) की कार्रवाई कर शनिवार को भेरुगढ़ जेल भेज दिया। रविवार को इन दोनों आरोपियों के घर पर भी बुलडोजर चलाया गया।

महाआरती के दौरान कथावाचक महाराज नमन वैष्णव, मंदिर के जगदीश गोस्वामी, पुजारी गौरव गिरि गोस्वामी की उपस्थित रहे। महाआरती की घोषणा सर्व हिंदू समाज द्वारा एक दिन पहले ही की गई थी। इसी को देखते हुए हजारों की संख्या में हिंदू संगठन पदाधिकारी, सामाजिक संगठन व समाजजन पहुंचे।

ज्ञापन में बताया कि जावरा नगर का प्रसिद्ध एवं समस्त हिंदू समाज का आस्था केंद्र जागनाथ महादेव मंदिर है। असामाजिक तत्वों द्वारा षड्यंत्र पूर्वक जागनाथ महादेव मंदिर में जो घटना कारित की है इससे हिंदू सनातन समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई है। इस कारण से सर्व हिंदू समाज में उक्त घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है। घटना के बाद प्रशासन ने मंदिर परिसर में 8 सीसीटीवी कैमरे लगाए है। मंदिर में एक बड़ी एलईडी भी लगा दी है।

## सीएम बोले- मप्र को हैदराबाद न समझे औवेसी

### ❑ मंडला की घटना पर औवेसी ने कहा था- केवल मुसलमानों के घर तोड़े जाते हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला। मंडला में अवैध रूप से गोमांस का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई के बाद हैदराबाद सांसद और एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी का बयान सामने आया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ह्य2015 में अखलाक के फ्रिज में रखे गोश्त को बीफ बता कर एक हुजूम ने घर में घुसकर उन्हें मार दिया था। न जाने कितने मुसलमानों पर तस्करी और चोरी का झूठा इल्जाम लगाकर उनका कत्ल कर दिया गया।**



जो काम पहले भीड़ करती थी, वो काम अब सरकार कर रही है। मध्यप्रदेश सरकार ने कुछ मुसलमानों पर इल्जाम लगाया कि उनके फ्रिज में बीफ था और 11 घरों पर बुलडोजर चला दिया। नाइंसाफी का सिलसिला थमता नहीं। चुनाव के नतीजों से पहले और बाद में भी, घर मुसलमानों के ही तोड़े जाते हैं। कत्ल मुसलमानों के ही होते हैं। जिन्हें झोली भर-भर के मुसलमानों का वोट मिलता है, वो क्यों चुप हैं?

### औवेसी को सीएम डॉ. मोहन यादव ने दिया जवाब

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह औवेसी की दृष्टि हो सकती है। जिसमें वे दो वर्गों की बात करते हैं। बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि वे जिस वर्ग को बिलांग करते हैं, वे उस वर्ग को भी लज्जित करते हैं। सीएम ने कहा- मेरी तरफ से औवेसी को यह बात पहुंचा दीजिए कि वे मध्यप्रदेश को हैदराबाद नहीं समझे। मप्र में भाजपा की सरकार है, जो शरारती गुंडई सब प्रकार के तत्वों से निपटने में सक्षम है।

### 11 आरोपियों के घरों को बुलडोजर चलाकर ढहाया था

दरअसल, मंडला के नैनपुर थाना क्षेत्र के भैंसवाही गांव में पुलिस ने शुक्रवार रात दबिश दी थी। पुलिस की इस कार्रवाई में बताया गया कि 11 घरों से 150 से ज्यादा जीवित गोवंश और भारी मात्रा में गोमांस, हड्डी, चर्बी सहित अन्य अवशेष मिले।

## गुना में कार पलटी, 3 लोगों की मौत, महाकाल दर्शन कर लौट रहा था परिवार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना/टीकमगढ।** एमपी में दो अलग-अलग सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य हादसे में 5 लोग घायल हो गए।

सबसे पहले बात गुना में हुए हादसे की। यहां उज्जैन में महाकाल दर्शन के बाद लौट रहे परिवार की कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में कार सवार दंपती और उनके साथ आए एक युवक की मौत हो गई। वहीं कार चला रहा दंपती का बेटा घायल हो गया है। हादसा बीनागंज में नेशनल हाईवे-46 पर सोमवार सुबह 5.30 बजे हुआ। ललितपुर जिले के गाड़ियां गदयाना के रहने वाले अशोक (65) पुत्र अशर्फीलाल श्रीवास्तव, पत्नी विनीता श्रीवास्तव और बेटे अभिषेक (38) के साथ उज्जैन महाकाल दर्शन करने के लिए गए थे। साथ में पड़ोसी मनोज पिता गौरीशंकर पांडे भी थे। सभी कार से वापस लौट रहे थे। ललितपुर का परिवार महाकाल मंदिर में दर्शन कर लौट रहा था। बीनागंज इलाके में कार डिवाइडर से टकराकर हाईवे से उतरकर पलट गई।

**एयरबैग खुलने से बची कार चला रहे बेटे की जान-** बीनागंज चौकी प्रभारी रक नीरज लोधी ने बताया कि हादसे में अशोक, पत्नी विनीता, पड़ोसी मनोज की मौत हो गई। एयरबैग खुलने से दंपती के बेटे अभिषेक की जान बच गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।

**बस में पीछे से घुसी कार, 5 लोग घायल-** गुना में ही एक अन्य सड़क हादसे में 5 लोग घायल हो गए। हादसा सोमवार सुबह करीब 5.30 बजे जंजाली पुलिस चौकी क्षेत्र में पार्वती नदी के पास हुआ। यहां लखनऊ से उन्नाव होते हुए उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन करने जा रहे परिवार की कार हादसे का शिकार हो गई। एक बस कार को ओवरटेक कर आगे जाकर रुक गई, इतने में पीछे से कार बस में जा घुसी।

## संपादकीय

# G-7 देशों के मंच पर बढ़ी भारत की ताकत

अत्याधुनिक अर्थव्यवस्था वाले सात देशों के समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में भारत की विशेष उपस्थिति इसकी बढ़ती आर्थिक ताकत का ही प्रमाण है। भारत इस समूह का सदस्य नहीं है, मगर हर वर्ष इसे विशेष तौर पर आमंत्रित किया जाने लगा है। हालांकि इस बार इटली में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और हिंद प्रशांत क्षेत्र के बारह विकासशील देशों के नेताओं को भी निमंत्रित किया गया था, पर भारत को खास तवज्जो दी गई। दरअसल, यह सम्मेलन एक ऐसे समय में आयोजित हुआ, जब दुनिया में आर्थिक उथल-पुथल मची हुई है। रूस-यूक्रेन युद्ध और हमास-इजराइल संघर्ष जारी है। पूरी दुनिया अभी मंदी की चपेट में है। यहां तक कि जी-7 के सदस्य देश अमेरिका, इटली, जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा और जापान भी इससे बाहर निकलने की कोशिश कर रहे हैं। मगर भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नजर नहीं आ रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के मुताबिक भारत दुनिया की तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। जी-7 के मंच से प्रधानमंत्री ने फिर अपना संकल्प दोहराया कि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है। उधर वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के स्तर पर जी-7 देशों की भागीदारी लगातार घट रही है। वे विश्व जीडीपी में साठ फीसद की भागीदारी से चालीस फीसद पर पहुंच गए हैं। भारत लगातार विकसित देशों के समांतर एक ताकतवर समूह बनाने की कोशिश कर रहा है। उसी रणनीति के तहत जी-20 सम्मेलन के दौरान अफ्रीकी संघ को भी समूह में शामिल किया गया। इस तरह भारत वैश्विक दक्षिण के देशों को एक मंच पर लाकर एक नया आर्थिक मंच बनाना चाहता है। जी-7 के सदस्य देश इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि भारत सहित वैश्विक दक्षिण एक विशाल बाजार है, वहां सस्ते श्रम की उपलब्धता भी भरपूर है। हालांकि इस बार के शिखर सम्मेलन में प्रमुख रूप से दुनिया भर में बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने, वैश्विक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने और कार्बन उत्सर्जन को कम करने संबंधी रणनीतियां बनाने पर जोर रहा, पर रूस और चीन की वजह से बढ़ते तनाव को रोकने के उपायों पर भी चर्चा हुई। जी-7 समूह के सभी देशों के साथ भारत के रिश्ते बेहतर हैं और उनके साथ व्यापार-वाणिज्य संबंधी गतिविधियां निरंतर बढ़ रही हैं। जी-7 का जोर उभरती अर्थव्यवस्थाओं के साथ रिश्ते बेहतर बनाने पर है, इस तरह भारत इसमें मजबूत कड़ी साबित होगा। भारत के सामने फिलहाल कड़ी चुनौती चीन की तरफ से है। चीन को लेकर जी-7 देश भी वक्र दृष्टि रखते हैं। इस दौर में जब संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद कमजोर होता गया है और जी-7 देश वैश्विक मामलों में निर्णायक साबित हो रहे हैं, वे भारत को विशेष रूप से अपने साथ जोड़े रखना चाहते हैं, तो निश्चय ही यह चीन के लिए चिंता का विषय होगा। रूस-यूक्रेन संघर्ष में भी भारत की मध्यस्थता को अहम माना जा रहा है, जबकि इन दिनों रूस की नजदीकी चीन से बढ़ी है। जैसा कि प्रधानमंत्री ने जी-7 के मंच से यह संकल्प दोहराया कि वे पड़ोसी देशों से रिश्ते मधुर बनाने पर जोर देंगे, ताकि वे चीन की गिरफ्त से बाहर निकल सकें, यह भी चीन के लिए रणनीतिक रूप से परेशान करने वाली बात है। जी-7 के इस शिखर सम्मेलन से भारत के लिए नई राहें खुलती नजर आती हैं।

**अर्ज़ किया है..!**

*जिस्म बे-हिस बे-शिकन*
*बिस्तर रहा*
*मैं नए अंदाज़ से*
*मुन्तज़र रहा*

– ख़्वाजा अज़ीज़ुल हसन मज्ज़ूब




**Health is Wealth**

# क्या गर्मियों में अलसी के बीज खाना है सही?

**जानें कब होता है नुकसान**

अलसी के बीज को मैजिक सीड कहा जाए तो कुछ गलत नहीं होगा। इन छोटे-छोटे बीजों में काफी सारे न्यूट्रिएंट्स होते हैं। जो वेजिटेरियन लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होते। ओमेगा 3 फैटी एसिड के साथ ही अलसी के बीज में अल्फा लिनोलेनिक एसिड होता है। जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। लेकिन अलसी के बीजों को खाने के साथ ही कुछ बातों का जानना भी जरूरी है। आखिर कब अलसी के बीज शरीर को फायदे की जगह नुकसान कर सकते हैं।



### क्या गर्मियों में खा सकते हैं अलसी के बीज

आयुर्वेद के अनुसार अलसी के बीज की प्रकृति गर्म होती है। जिसकी वजह से शरीर में पित्त और कफ के बीच असंतुलन होने का डर रहता है। इसलिए जब भी गर्मियों में अलसी के बीज खा रहे हो तो सावधानी के साथ मात्रा का खास ध्यान रखें। अलसी के बीजों को किसी दवा की तरह ही थोड़ी मात्रा में खाएं।

### अलसी खाना कब हो सकता है नुकसानदेह

1. अलसी के बीज हर मौसम में खाए जा सकते हैं लेकिन खाने के दौरान कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है नहीं तो ये फायदे की जगह पर नुकसान कर सकते हैं।
2. अलसी के बीज कब्ज को दूर करते हैं और बाउल मूवमेंट को बढ़ाते हैं ऐसे में अगर आप इन बीजों की ज्यादा मात्रा खा लेते हैं तो इससे पेट दर्द, गैस, ब्लॉटिंग, उल्टी जैसी शिकायत हो सकती है।
3. अलसी के बीज में लिगनन नामका एक्स्ट्रैक्ट पाया जाता है जो एस्ट्रोजन हार्मोन की तरह काम करता है। अगर आप लगातार छह महीने से अलसी के बीज खा रहे हैं तो इससे ज्यादा ना खाएं। छह महीने से ज्यादा लगातार अलसी के बीज खाने पर इस लिगनन एक्स्ट्रैक्ट के साइड इफेक्ट शरीर पर हो सकते हैं।
4. इसके अलावा अलसी के बीज को कच्चा खाने के मामले में लापरवाही ना करें। कच्चे अलसी के बीज या अधपके अलसी के बीज जहरीले हो सकते हैं और सेहत के लिए हार्मफुल भी।
5. प्रेग्नेंसी के दौरान अलसी के बीजों को खाना हार्मफुल इफेक्ट पैदा कर सकता है। जिसका कारण वहीं लिगनन एक्स्ट्रैक्ट होता है।

New Delhi

# भीषण गर्मी के चलते इन राज्यों में बढ़ीं स्कूलों की छुट्टियां, जानें अब कब लगेंगी क्लासेस?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और तपती धूप से लोग परेशान हैं. बच्चे, बूढ़े सभी का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है. स्थिति को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए गर्मी की छुट्टियां बढ़ाने का ऐलान किया है. सरकार का आदेश है कि 25 जून तक बच्चों की क्लासेस नहीं लगेंगी. न्यूज एजेंसी PTI को अधिकारी ने बताया कि राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग ने रविवार देर शाम इस आशय का आदेश जारी किया. मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को राजधानी रायपुर और राजनांदगांव में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा है. राज्य सरकार ने पहले 22 अप्रैल से 15 जून तक




सभी स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां घोषित की थीं. आदेश में कहा गया है कि राज्य में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए राज्य सरकार ने गर्मी की छुट्टियां 25 जून तक बढ़ा दी हैं. अब बच्चों के स्कूल 26 जून को खोले जाएंगे. रायपुर स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि अगले चार दिनों तक राज्य के अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है. मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, अगले चार-पांच दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के राज्य के कुछ और हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं. आईएमडी के अधिकारी ने बताया कि रविवार को रायपुर (लालपुर स्टेशन) में अधिकतम तापमान 39.3 डिग्री सेल्सियस, पेंड्रा में 40.2 डिग्री सेल्सियस, बिलासपुर में 30.8 डिग्री सेल्सियस, अंबिकापुर में 32.6 डिग्री सेल्सियस और जगदलपुर में 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था.

Chhattisgarh

## पैसों के लालच में दोबारा शादी करने पहुंचे 2-2 बच्चों के माता-पिता, सामूहिक विवाह की ऐसे खुली पोल

**दुर्ग, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. सामूहिक विवाह में पैसों के लालच में दोबारा शादी करने 2-2 बच्चों के पिता पहुंच गए. सामूहिक विवाह कराने वाले संस्थान का कहना है कि मामला सामने आते ही नाबालिग और शादीशुदा लोगों को उनको बाहर निकाल दिया गया. साथ ही शादीशुदा जोड़े के खिलाफ FIR करेंगे.

दरअसल, दुर्ग में आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्थान ने 300 दिव्यांगों जोड़े के लिए सामूहिक विवाह का आयोजन किया था. ये संस्था पहले भी सैकड़ों युवक-युवतियों का विवाह करा चुकी है. मगर, इस बार कहा गया था कि हर जोड़े को संस्थान एक लाख रुपए देगी. इसको लेकर छत्तीसगढ़ के सरगुजा, अंबिकापुर, सूरजपुर, बिलासपुर और बस्तर से जोड़े दुर्ग पहुंच गए.

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और दुर्ग सांसद विजय बघेल खुद पहुंचे. फिर दिव्यांग वर-वधु को आशीर्वाद दिए. इसी बीच जांच में खुलासा हुआ कि इसमें 20 से ज्यादा ऐसे जोड़े भी हैं, जो पहले से शादीशुदा है और उनके 2-3 बच्चे भी हैं. इतना ही नहीं 27 साल का एक युवक 45 साल की महिला को लेकर विवाह करने पहुंचा था. दावा किया जा रहा है कि आयोजन में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड से भी जोड़े पहुंच गए थे. निशुल्क सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पहुंचे दिव्यांगजनों ने बताया कि शादी के बाद एक लाख रुपए मिलेंगे. इसके अलावा आस्था संस्था प्रमाणपत्र और दहेज का सामान अलग से देगी. इस वजह से वे आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचे हैं. छत्तीसगढ़ के बस्तर, मोहला, कोरबा और सूरजपुर जैसे दूर क्षेत्रों से भी कुछ लोग आए हुए थे.

Maharashtra

## पार्टी, शराब और सुरूर... फिर गाड़ी लेकर निकले शख्स ने 17 को रौंद डाला, 2 की मौत

**नागपुर, (एजेंसी)** पुणे की पोर्श कांड के बाद महाराष्ट्र के नागपुर से एक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। नशे में धुत एक व्यक्ति ने अपनी कार फुटपाथ पर सो रहे व्यक्तियों पर चढ़ा दी। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। वही 15 लोग घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक कार में छह दोस्त सवार थे, जो कथित तौर पर एक ढाबे पर पार्टी करने के बाद नशे में थे। रविवार आधी रात को कार नागपुर में दिघोरी टोल प्लाजा के पास फुटपाथ पर जा घुसी, जहां लोग सो रहे थे। पुलिस ने गाड़ी चला रहे भूषण लांजेवार और उसके दोस्तों - वंश जादे, सन्मय पत्रिकर, अथर्व वनायत, अथर्व मोगरे और ऋषिकेश चौबे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सोमवार को कहा कि लांजेवार और उसके दोस्त, सभी इंजीनियरिंग के छात्र हैं या इंजिनियरिंग खत्म कर चुके हैं। उन पर आईपीसी की धारा 304 (II) (गैर इरादतन हत्या) और अन्य धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्हें दो दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। टोल प्लाजा के पास तेज गति से आ रही कार को रोकने की कोशिश करते समय दो पुलिस अधिकारी बाल-बाल बच गए।

Odisha

## ओडिशा में बकरीद पर भड़की हिंसा, गाय की कुर्बानी के आरोपों से बिगड़ा माहौल, कर्फ्यू लगा

**भुवनेश्वर, (एजेंसी)** ओडिशा के बालासोर कस्बे में बकरीद के मौके पर तनाव पैदा हो गया है। इसके चलते इंटरनेट बंद करना पड़ा है और भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी है। पुलिस का कहना है कि बकरीद पर गाय की कुर्बानी देने के आरोप इलाके के कुछ मुसलमानों पर लगे हैं, जिससे हिंदू समाज के लोग भड़क गए थे। सोमवार की दोपहर को दोनों समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए थे और हिंसक झड़पें भी हुईं। यह घटना बालासोर के पात्रापाड़ा इलाके की है, जो मिली-जुली आबादी वाला क्षेत्र है। कुछ स्थानीय लोगों को नाली का पानी लाल रंग में तब्दील होता दिखा। इस पर उन्हें संदेह हुआ कि शायद यह जानवरों का ही खून है।

इसी बीच यह चर्चा भी छिड़ गई कि गाय की कुर्बानी दी गई है। इस पर हिंदू समुदाय के लोगों में रोष व्याप्त हो गया। देखते ही देखते हिंदू और मुसलमानों की एक भीड़ आमने-सामने आ गई और पत्थरबाजी होने लगी। इस घटना में कम से कम 15 लोग घायल हुए हैं, जिनमें 5 पुलिस वाले भी शामिल हैं। जिला प्रशासन ने इलाके में धारा 144 लगा दी है। फिर भी सोमवार की रात को मामला फिर से बढ़ा, जब एक समुदाय के कुछ लोगों ने पत्थरों, डंडों और कांच की बोतलों से दूसरे वर्ग के लोगों के घरों पर हमले किए। यही नहीं बालासोर के ही गोलापोखारी, मोतीगंज और सिनेमा चंक इलाकों में कई वाहनों को भी आग लगा दी गई। उपद्रवियों की भीड़ ने कई गांवों में लोगों पर पत्थरबाजी की। घरों में आग तक लगाने का प्रयास किया और सड़क को भी नुकसान पहुंचाया। पुलिस को स्थिति पर नियंत्रण के लिए हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी। बालासोर के एसपी सागरिका नाथ ने बताया, हमने बालासोर के शहरी क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया है।

खेल

# रिकॉर्ड : एस्टोनिया के साहिल चौहान ने रचा इतिहास, जड़ा टी20 का सबसे तेज शतक, गेल-पंत को पीछे छोड़ा

**नई दिल्ली। एस्टोनिया के बल्लेबाज साहिल चौहान ने साइप्रस के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दियाष साहिल ने महज 27 गेंदों पर शतक जड़ा जो टी20 में किसी बल्लेबाज का सबसे तेज शतक है। साहिल साइप्रस के खिलाफ 41 गेंदों पर छह चौकों और 18 छक्के की मदद से 144 रन बनाकर नाबाद रहे और उन्होंने टीम को छह विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।**

### गेल का रिकॉर्ड तोड़ा

साहिल ने अपनी इस शानदार बल्लेबाजी के दम पर वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2013 में आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलते हुए पुणे वॉरियर्स के खिलाफ महज 30 गेंदों पर शतक जड़ा था। इसके अलावा उन्होंने भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को भी पीछे छोड़ा जिन्होंने 2018 में दिल्ली के लिए खेलते हुए हिमाचल प्रदेश के खिलाफ 32 गेंदों पर सैकड़ा जड़ा था। साहिल ने हालांकि इन दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए यह रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।




### टी20 में सबसे तेज शतक जड़ने वाले खिलाड़ी

| बल्लेबाज | गेंद | बनाम | वर्ष |
|---|---|---|---|
| साहिल चौहान | 27 | साइप्रस | 2024 |
| क्रिस गेल | 30 | पुणे वॉरियर्स | 2013 |
| ऋषभ पंत | 32 | हिमाचल प्रदेश | 2018 |

### टी20 अंतरराष्ट्रीय में भी निकले आगे

साहिल ने अपनी इस पारी के दम पर दुनिया के दिग्गज खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में भी सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अब तक ये रिकॉर्ड नामीबिया के जान निकोल लोफ्टी इयाटॉन के नाम था जिन्होंने इसी साल फरवरी में नेपाल के खिलाफ 33 गेंदों पर शतक जड़ा था। इसके बाद कुशल मल्ला का नंबर है जिन्होंने 34 गेंदों पर यह उपलब्धि हासिल की थी। वहीं, डेविड मिलर और भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 में 35 गेंदों पर शतक लगाया है।

### एस्टोनिया की बड़ी जीत

इससे पहले, साइप्रस ने दूसरे टी20 मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। साइप्रस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तरनजीत सिंह के 17 गेंदों पर दो चौकों और पांच छक्कों के सहारे 44 रन की पारी के दम पर 20 ओवर में सात विकेट पर 191 बनाए। जवाब में एस्टोनिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और टीम ने महज 40 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए थे। हालांकि साहिल चौहान ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए ना सिर्फ साइप्रस से यह मुकाबला जीता बल्कि टी20 में नया कीर्तिमान भी बना डाला। साहिल की इस शानदार पारी के दम पर एस्टोनिया ने 13 ओवर में चार विकेट पर 194 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले, सोमवार को ही एस्टोनिया ने पहले मैच में साइप्रस को पांच विकेट से हराया था। इस तरह एस्टोनिया ने छह मैचों की टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच अब मंगलवार को तीसरा और चौथा टी20 मुकाबला खेला जाएगा।

सिनेमा

## अलका याग्निक हुईं वायरल अटैक का शकिार, सुनाई देना हुआ बंद, शॉक में सिंगर




90s में बॉलीवुड के कई बेहद पॉपुलर और आइकॉनिक गानों को आवाज देने वाली सिंगर अलका याग्निक को एक रेयर न्यूरो समस्या हो गई है. सोशल मीडिया पर ये जानकारी शेयर करते हुए अलका ने बताया कि अब वो सुन नहीं पा रही हैं. अलका ने बताया कि उन्हें एक वायरल अटैक के बाद ये समस्या हुई है और एक दिन फ्लाइट से बाहर आते हुए उन्हें ये एहसास हुआ कि वो सुन नहीं पा रही हैं. अलका ने अपनी समस्या के बारे में जानकारी देते हुए फैन्स और साथी कलाकारों को ये सलाह दी कि वो लाउड म्यूजिक से दूर रहें. इंस्टाग्राम पर इस समस्या के बारे में बताते हुए अलका ने लिखा, 'मेरे सभी फैन्स, दोस्तों, फॉलोअर्स और शुभचिंतकों. कुछ हफ्ते पहले, जब मैं एक फ्लाइट से बाहर निकल रही थी तो मुझे अचानक लगा कि मैं कुछ सुन नहीं पा रही हूं. इस एपिसोड के बाद के हफ्तों में थोड़ी हिम्मत जुटाने के बाद, अब मैं अपने दोस्तों और शुभचिंतकों के लिए, इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं, जो मुझसे लगातार पूछ रहे हैं कि मैं कहां गायब हूं.'

## Highlights

1. **28-year-old bride from Delhi dies while dancing at destination wedding in Nainital**
2. **Where is 'sabka sath': Misa on JDU MP's won't help Muslims remark**
3. **Cine Galaxy Coastal Film Awards 2024: Celebrating coastal cinema**
4. **Som Distilleries blames contractors for child labour**
5. **Annie Raja of CPI delays decision on Wayanad candidacy**

# Google Gemini's India chapter begins in earnest, with an app and advanced skills

**NEW DELHI, (Agency).** The next chapter for Google Gemini is underway, in the Indian context. The Gemini app is now being made available for Android phones, iPhone users will also find the Gemini update within the Google app, and Gemini app as well as Gemini Advanced will be available in nine Indian languages. That is not all however, because Gemini will also find an integration within the Messages app on Android, as well as Google Messages on the web. Google's Gemini availability for India comes days after the multimodal artificial intelligence (AI) assistant was made available in the UK and Europe, a few days ago.




"Today, we're launching the Gemini mobile app in India, available in English and 9 Indian languages. We're also adding these local languages to Gemini Advanced, plus other new features, and launching Gemini in Google Messages in English," says Sundar Pichai, CEO of Google, in a statement. For millions of Android phone users, and indeed Apple iPhone users who may be relying on the Google app, the availability of Gemini will provide a choice in a space that already has OpenAI's ChatGPT based on the latest GPT-4o model, and Microsoft's GPT based Copilot.

Localisation was key, and that's something Google has ticked off the checklist before unleashing Gemini for India. They confirm that the Gemini app will be English as well as nine Indian languages – Hindi, Bengali, Gujarati, Kannada, Malayalam, Marathi, Tamil, Telugu, and Urdu. There are two ways for Android users to get the Gemini app; either download from the Play Store or opt-in via Google Assistant. The Discover feed integrated in Android home screens will also reflect the choice made via the latter route.

# Bumper market debut: Ixigo shares debut at 49% premium to IPO price

**NEW DELHI, (Agency).** Shares of Le Travenues Technology, parent company of travel aggregator Ixigo, made a bumper debut on the bourses today (June 18). The shares listed at ₹138.10 on the NSE- a premium of 48.5 per cent over the issue price of ₹93. This was much better than grey market expectations which indicated a debut of almost 30 per cent.

The ₹720 crore public offer received a great response from investors as it was subscribed 98.34 times with Non-




Institutional Investors (NIIs) subscribing the portion set aside for them 110.5 times, Qualified Institutional Buyers (QIBs) bidding for the their allotted portion 106.7 times, retail investors subscribing 54.8 times. With this, Ixigo became the 10th most subscribed IPO of 2024.

Through the IPO, the company will use net proceeds to fund its working capital needs, invest in cloud infrastructure and technology, finance potential acquisitions and other strategic initiatives as well as general corporate expenses.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# सुनसान इलाके में ले गए रूपए और सामान लूटा

## बिना नंबर की बाईक छोड़ भागे बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। द्वारकापुरी में एक डॉक्टर के साथ सोमवार शाम लूट की वारदात हो गई। तीन बदमाशों ने उनका पर्स,रूपए ओर अन्य सामान लूटा। आरोपी मोबाइल में पेटीएम का पासवर्ड पूछकर रूपए ट्रांसफर करवा रहे थे। इसी दौरान सामने से लोग आते हुए दिखे। डॉक्टर मदद के लिये चिल्लाया तो आरोपी मौके से बाइक छोड़कर भाग खड़े हुए। देर शाम को डॉक्टर थाने पहुंचे पुलिस देर रात तक मामले में आरोपियों की तलाश करती रही। बाद में कही जाकर केस दर्ज किया गया।

घटना द्वारकापुरी इलाके की है। यहां डॉक्टर अली असगर नईम निवासी खातीवाला टैंक की शिकायत पर पुलिस ने तीन लूटेरो के खिलाफ लूट के मामले में केस दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक अली असगर ने पुलिस को बताया कि वह फिजीशयन है। चंदन नगर इलाके में क्लीनिक चलाते है। शाम को बाइक से अपने घर जा रहे थे। तब दस्तूर गार्डन के यहां उनकी बहन का कॉल आया। वह मोबाइल पर बात कर रहे थे। तब एक मोटा से आदमी बाइक से उनके पास आया। उसने कहां कि डॉक्टर साहब मेरी मां की तबीयत खराब है। प्लीज घर चलकर देख लो तब अली असगर ने कहां कि किसी अच्छे अस्पताल में दिखा लो वह घर जा रहे है। बाइक सवार ने हाथ जोड़ते हुए कहां कि वह बहुत गरीब आदमी है उसका घर सामने पार ही डॉक्टर मानवीयता के नाते उसकी बाइक के पीछे अपनी बाइक लेकर चले गए। बाइक सवार अपने साथ डॉक्टर को गोंदवले धाम तरफ लेकर गया। डॉक्टर ने सुनसान मैदान देखकर आगे जाने की बात से इंकार कर दिया। इसके बाद दो लडके उनके पास पहुंचे। उनसे से एक ने डॉक्टर के साथ मारपीट कर दी। वही दूसरे ने जेब से उनका पर्स निकाल लिया। जिसमें आधार कार्ड एटीएम ओर 5 हजार रूपए रखे हुए थे। वही बाइक सवार तीसरे लडके ने जबदस्ती मोबाइल जेब से निकाला। जिसमें पेटीएम का पासवर्ड पूछने लगा। इस पर डाक्टर अली असगर को दूर से कुछ लोग जाते हुए दिखे। वह चिल्लाया तो लोग मदद के लिये पहुंचे। जिसमें आरोपी बिना नंबर की बाइक छोडकर मौके से भाग गए।

**सीसीटीवी में दिखा बाइक सवार-** सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक डॉक्टर को दस्तूर गार्डन के यहां से साथ ले जाना वाला बाइक सवार सीसीटीवी कैमरो में कैद हुआ है। इस मामले में द्वारकापुरी पुलिस ने देर रात केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी के पहचान के प्रयास किये जा रहे है।

# दहेज में 25 लाख रुपए की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **शहर की बहू को चेन्नई में रहने वाले उसके पति और सास द्वारा प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। वहां पुलिस की मदद नही ले पाने पर पिता को कॉल आने की सूचना दी। पीड़िता को उसके पिता इंदौर लेकर आए और स्थानीय थाने में जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया।**

हीरा नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दीनदयाल उपाध्याय नगर में रहने वाली हीना जैन की शिकायत पर उसके पति दिलीप जैन और सास संगीता जैन निवासी चेन्नई तमिलनाडु के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि फरवरी 2022 में उसकी शादी धार्मिक और पारिवारिक रीति रिवाज से हुई। शादी के कुछ दिन बाद ही उसे सास संगीता परेशान करने लगी। उन्होंने घर से 25 लाख रुपए लाने के लिए ताने मारे। कुछ दिन बाद पति भी मारपीट करने लगा। वह धमकाने लगे कि रुपए तो देने पड़ेंगे अगर नही लाई तो मार डालेंगें। मायके में लोगो को पता नही चलेगा। शादी के बाद गर्भवती हुई। एक बेटा हो गया। लेकिन पति और सास के का व्यवहार वही का वही बना रहा। सास कहती थी कि तेरे घर वालों की कोई औकात नही। घर में कामवाली जैसा व्यवहार किया जाने लगा। जिससे शारीरिक रूप से कमजोर हो गई। पति घर से बाहर नहीं निकलने देते। इसलिये वहां पुलिस की मदद नही ले पाई। 9 जून 2024 को छिपकर अपने पति दिलीप के मोबाइल से पापा को कॉल किया। उन्हें कहा कि यहां से ले जाओ पति और सास मार डालेंगे। पापा एक दिन बाद ससुराल आए। वहां से लेकर 14 जून को इंदौर आ गए। डेढ़ साल के बेटे की तबीयत खराब होने के चलते मेडिकल कराकर वापस चली गई। बाद में तबीयत ठीक होने पर दोनों के खिलाफ केस दर्ज कराया।

## नजर आया तेंदुआ, पर्यटकों ने बनाया वीडियो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महू के बडगोंदा थाना क्षेत्र में आने वाले पर्यटन स्थल नखेरी डेम पर तेंदूए का मूवमेंट मिला है। यहां मौजूद पर्यटकों ने अपने कैमरे में तेंदुए को कैद कर लिया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

दरअसल, रविवार को वीकेंड पर अपने दोस्तों के साथ पर्यटन स्थल नखेरी डेम घूमने गए विकास चौधरी की नजर तेंदूए पर पड़ी। इस दौरान उन्होंने तेंदुए के मूवमेंट को अपने कैमरे में कैद कर लिया। उन्होंने बताया कि यहां वीकेंड पर बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने पहुंचते हैं। संभवतः तेंदुआ भटकते हुए पानी की तलाश में डेम के पास पहुंचा होगा।

मामले में वन विभाग महू के एसडीओ कैलाश जोशी ने बताया कि डेम वन क्षेत्र में होने के कारण वन्य जीवों की मूवमेंट वनी रहती है। यहां आने वाले पर्यटकों से निवेदन है कि जंगल की तरफ ना जाए और सावधानी रखें।

## 14वें फ्लोर से गिरी नाबालिग मौत, लसूड़िया इलाके की घटना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। लसूड़िया इलाके में 14वें फ्लोर से गिरकर एक नाबालिग लडकी की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस के मुताबिक घटना निपानिया इलाके की है।

टीआई तारेश सोनी के मुताबिक छात्रा का नाम अंजलि शर्मा है। वह सुबह स्कूल जाने के लिये घर से निकली थी। इस दौरान वह स्कूल बस में न जाते हुए नजदीक के दूसरे अपार्टमेंट चली गई। यहां से लिफ्ट से ऊपर गई फिर वहां से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक सीसीटीवी में वह लिफ्ट में चढ़ते हुए दिखाई दे रही है। जानकारी के मुताबिक छात्रा एर्डवास स्कूल में 7वीं क्लास में पढ़ाई करती है। वहीं उसके परिवार में एक बड़ा भाई है। पिता किसी कंटेनर कंपनी में काम करते हैं। पुलिस मामले को लेकर जांच कर रही है।

## डॉग को कार ने रौंदा, केस दर्ज

**इंदौर।** पलासिया में इंटीरियर डिजाइनर के डॉग को घुमाने के दौरान काले रंग की एक कार ने टक्कर मार दी। मौत के तीन दिन बाद पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तोषी बजाज ओल्ड पलासिया के वर्धमान कॉम्प्लेक्स में रहती हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत में बताया कि उनके पास दो पालतू कुत्ते हैं। जिन्हें हर दिन रात में घुमाने ले जाती हैं। 14 जून की रात में करीब 11:30 बजे वह दोनों डॉग को लेकर निकली। तभी एक काले रंग की तेज रफ्तार कार ने एक डॉग को टक्कर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। डॉग का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया। उसे अगले दिन दफनाया गया। उन्होंने बताया कि नजदीक ही मेडीस्क्वेयर अस्पताल के यहां चौकीदार ने घटना देखी थी। उन्होंने कार ड्राइवर को आवाज लगाई लेकिन वह भाग गया। तोषी बजाज ने बताया कि वह इसके वीडियो फुटेज अलग से देगी। पुलिस मामले में कार की तलाश कर रही है।

# यूएसए के नागरिको को ठग रहे थे

## अहमदाबाद के दो युवक इंदौर की होटल से पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **लसूडिया पुलिस ने इलाके की एक होटल से दो युवकों को पकड़ा है। दोनो अहमदाबाद के रहने वाले है। वह यहां पर बैठकर एक एप के माध्यम से विदेशी नागरिको को लोन दिलाने के नाम पर ठग रहे थे। उनसे पुलिस ने मोबाइल ओर गेजेट्स जब्त किये है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।**

डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा की टीम ने बाम्बे अस्पताल के पास होटल किंग में दबिश देकर अजय पुत्र अशोक तोमर निवासी दीपाली नगर अहमदाबाद ओर राहुल पुत्र मोहन भाई माली निवासी सोमपनाथ पार्क अहमदाबाद को पकड़ा है। आरोपियों ने बताया कि वह पिछले एक साल से यूनाइटेड स्टेट के लोगो को गूगल वाईस एप्लीकेशन के माध्यम से लोन दिलाने की बात पर ठगी करते थे। वह बीट पे अंकाउट में डॉलर ट्रांसफर करने की बात करते थे। इसके बाद उन रूपए का खुद इस्तेमाल करते थे। वह विदेशी नागरिको का डेटा टेलीग्राम से लेते थे। आरोपियों के पास से करीब मोबाइल ओर कुछ गेजेट्स व सीम मिली है। जिसे लेकर पूछताछ की जा रही है।

## वाहन चोरों से ढाई दर्जन गाड़ियां जब्त

इंदौर। पुलिस थाना भँवरकुआं एवं पुलिस थाना जूनि इंदौर की टीम द्वारा संयुक्त रूप से एक महत्वपूर्ण सुचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए बाघ-टांडा जिला धार के वाहन चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तर करने में सफलता प्राप्त की है। वाहन चोर गिरोह के पकडे गए सक्रीय सदस्यों के नाम विजय सिंह पिता जाम सिंह उम्र 20 साल निवासी ग्राम पिपरी तहसील कुक्षी जिला धार, सुरेश मण्डलोई पिता रतन सिंह उम्र 19 साल निवासी ग्राम कुरजेता तहसील कुक्षी जिला धार,संजय मीणा पिता हिन्दु मीणा उम्र 19 साल जाति भील निवासी नहाबेल तहसील कुक्षी जिला धार,दिनेश जमरा पिता मडिया जमरा उम्र 19 साल जाति भिलाला निवासी 19 साल निवासी ग्राम पिपरी तहसील कुक्षी थाना बाग जिला धार है। पकडे गये उपरोक्त आरोपियों से कड़ी पूछताछ करने पर इनके द्वारा इंदौर शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों से एवं अन्य स्थानों से चोरी किये गए निम्नलिखित 30 दो पहिया वाहन चोरी करना स्वीकार किया है। उपरोक्त चोरी किये गये दो पहिया वाहनों को आरोपी गणो द्वारा चोरी करने के पश्चात बैचने की नियत से टांडा गांव में विभिन्न स्थानों पर छुपाकर रखा था । जिन्हे आरोपीगणो के बताए अनुसार छुपाये गए स्थानों से पुलिस टीम द्वारा बरामद किया गया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक